तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 11 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 बड़ेसीपत में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### आज भी लगेगा डीटीओ आफिस में एचएसआरपी कैंप

**जांजगीर-चांपा।** परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय का परिसर में रविवार 11 मई को प्रातः 10 से शाम 5.30 बजे तक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट कैम्प आयोजित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि कैम्प आयोजन का उद्देश्य समस्त पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने सुनिश्चित करने हेतु आम जनता को प्रेरित किया जाना है। परिवहन विभाग के द्वारा कैंप में वाहन स्वामियों से उनके वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, आधार चेक कर मोबाइल अद्यतन कर एचएसआरपी हेतु निर्धारित शुल्क सहित आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराया जावेगा। दोपहिया वाहन, मोपेड, स्कूटर, कृषि ट्रैक्टर एवं ट्रॉली के लिए 365.80 रुपये, तिपहिया वाहन एवं अशक्त वाहन के लिए 427.16 रुपये, हल्के मोटरयान के लिए 656.08 रुपये एवं वाणिज्यिक मध्यम एवं बस, ट्रक आदि के लिए 705.64 रुपये निर्धारित है। परिवहन सुविधा केन्द्र में जाकर भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### पंजीकृत श्रमिकों का नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत पंजीकृत श्रमिकों का वर्ष 2008 से 2025 नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत निर्माणी पंजीकृत श्रमिक जिनका पंजीयन अवधि समाप्त हो गया है। जो अपरिहार्य कारणों से नवकरण से वंचित है ऐसे श्रमिकों के लिए श्रम विभागीय पोर्टल में ऑनलाइन नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है।

### जिला रोजगार कार्यालय में 14 को होगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 14 मई बुधवार को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के 50 पद एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जावेगी। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्राक्कचयन का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में 15 मई तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्ट्रेट परिसर विवेकानंद मार्ग जांजगीर में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञों द्वारा निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में 15 मई तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद विचार नहीं किया जाएगा।

### बढ़ती गर्मी का स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

# आग बरसाने लगी सूरज की किरणें, गर्म हवा के थपेड़ों से बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सूरज की किरणें अब आग बरसाने लगी है। इसके साथ ही तापमान में बढोतरी भी होने लगी है। शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। ऐसे में दोपहर के वक्त लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है। दिन में चल रहे गर्म हवा के थपेड़ों के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है।

बैसाख में ही गर्मी में अपने चरम पर आ गई है। वैसे तो अप्रैल महीने से ही मौसम का मिजाज गर्म हो गया था। दोपहर के वक्त पडने लगी गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। पिछले दिनों बदली और बारिश से मौसम में कुछ ठंडकता रही, लेकिन इसके बाद मौसम के साफ होते ही सूर्यदेव की तपिश भी बढ़ने लगी है। सुबह से सूरज की किरणें लोगों को चुभ रही है। वहीं दोपहर बाद गर्म हवा चल रही है। ऐसे में लोग घरों में ही दुबके रहने पर मजबूर हो रहे है। एसी और कूलर भी जवाब देने लगे है। शहर की सड़कों पर दोपहर बाद सन्नाटा नजर आ रहा है। तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। शनिवार 10 मई को शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। गर्म हवाओं के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है।



दोपहर के समय शहर की सूनी सड़क।

### लू के लक्षण

तेज बुखार आना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, पसीना नहीं आना, उल्टी होना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, भूख कम लगना, अधिक प्यास लगना, चक्कर एवं बेहोशी आना आदि लू के लक्षण हैं।

### लू (हीट वेव) से बचने के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धुप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जावे, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धुप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती के हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस घोल पीये, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करे तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करना चाहिए ताकि गर्मी से थोड़ी सी राहत मिल सके।

### अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

मौसम के तेवर का स्वास्थ्य पर तेजी से असर हो रहा है। कुछ दिनों पहले हुई बारिश के बाद अब बढ़ती गर्मी से लोग बीमार पड़ने लगे है। मौसम के हिसाब से लोग अपने शरीर को नहीं ढाल पा रहे है। ऐसे में बुखार और पेट से संबंधित परेशानी इन दिनों तेजी से बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर काफी असर पड़ रहा है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की भीड़ लग रही है। जिला अस्पताल में भी प्रतिदिन 200 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे है।

# दो टंकी होने के बावजूद पानी की कमी से जूझ रहे शबरी डेरा के रहवासी

### हैण्डपंप में लग रही महिलाओं की कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा ग्राम के शबरी डेरा में दो-दो पानी टंकी होने के बावजूद ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे है। लाखों खर्च करने के बाद भी पानी टंकी शोपीस बनी हुई है। ऐसे में हैण्डपंप से काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को किसी तरह पानी मिल पा रहा है।

बढती गर्मी के साथ पानी की परेशानी भी शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत तुस्मा में भी लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है। तुस्मा के शबरी डेरा में दो-दो पानी की टंकियां महज शोपीस बनकर रह गई हैं। लाखों रुपये की लागत से निर्मित इन टंकियों का उद्देश्य गांव वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था,लेकिन आज के समय में लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों पहले शबरी डेरा में दो पानी टंकियों का निर्माण किया गया है, लेकिन आज तक इस टंकी से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है। टंकियों में हाल ही में पाइपलाइन जोड़ी गई है,साथ ही मोटर की भी व्यवस्था हो गई है। लेकिन इसका सीधा लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को आज भी कुएं और हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ रहा है,जो गर्मियों में सूखने लगते हैं। बढ़ती गर्मी के साथ ही यह परेशानी शुरू हो गई है। हैण्डपंपों पर पानी के लिए महिलाओं की कतार लग रही है। काफी मशक्कत के बाद हैण्डपंपों से पीने के लिए पानी मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार शबरी डेरा में बनी दोनों टंकियों पर करीब 10 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी। लेकिन बिना मोटर, पाइपलाइन और नियमित रखरखाव के यह सिर्फ एक अधूरी योजना बनकर रह गई। इस समस्या को लेकर पंचायत स्तर से लेकर जिला के अधिकारियों तक को अवगत कराया गया,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में ग्रामीण अभी भी पानी के लिए तरस रहे है। शबरी डेरा में दो दो टंकी होने के बाद भी यहां के रहवासियों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।



तुस्मा में बनी पानी टंकी।

### स्थानीय निवासियों में आक्रोश

शबरी डेरा मोहल्ला के लोगो का कहना है कि दोनों पानी टंकी सालों से खड़ी हैं,लेकिन कभी भी इस पानी टंकी से पानी नहीं मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत से लेकर जिला स्तर तक समस्या से अवगत कराया जा चुका है। अधिकारी भी स्थिति का जायजा लेने आ चुके है, लेकिन समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। महिलाओं को खासा परेशान होना पड़ता है, क्योंकि सुबह से ही पानी की तलाश में उन्हें दूर-दूर तक भटकना पड़ता है। मोहल्ला की महिलाओं ने बताया कि उन्हें रोज़ दूर जाकर पानी लाना पड़ता है।

# पुरानी रंजिश पर कार व पिकअप वाहन में लगाई आग, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुरानी रंजिश पर एक युवक ने कार व पिकअप वाहन में आग लगा दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम हरदी महामाया का है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरदी महामाया निवासी संतोष साहू की गांव के ही फागूराम देवांगन के साथ पुरानी रंजिश थी। संतोष साहू ने 8 मई की दरम्यानी रात्रि में फागूराम देवांगन के घर के बाहर खड़ी उसकी कार और पिकअप वाहन के साथ ही ठेले में आग लगा दी। आग से ठेला पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। वहीं कार और पिकअप वाहन भी जल गया। फागुराम ने मामले की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 326(जी) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान प्रार्थी गवाहों का कथन एवं घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने संतोष साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ करने पर संतोष ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने शनिवार 10 मई को संतोष साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनीष तम्बोली थाना प्रभारी बलौदा, उप निरीक्षक राजेश कुमार साह, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, आरक्षक युवराज सिंह, लखेश विश्वकर्मा का योगदान रहा।

### महतारी वंदन की राशि के लिए दफ्तरों में चक्कर काट रही महिला

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत बड़े सीपत के गायत्री साहू पति मुकेश साहू को विगत 10 माह से महतारी वंदना का पैसा नहीं मिल पा रहा है। ऑनलाइन चेक करने पर आधार संबंधी एवं खाता संबंधी कारणो से भुगतान रिटर्न की जानकारी मिल रही है। अपनी राशि पाने गायत्री पिछले साल 6 -7 माह से महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय, डाक विभाग ,भारतीय स्टेट बैंक, आधार सेंटर का चक्कर लगा रही है। शुरुआती तीन माह उसके खाते में एनएफटी के माध्यम से पैसा आया था उसके बाद खाता संबंधी कारणो से पैसा वापस होने का जानकारी ऑनलाइन होने पर पहले महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क किया जहां सुपरवाइजर द्वारा आधार अपडेट कराने की बात कही गई। आधार अपडेट कराने के बाद भी राशि नहीं मिली तो डाकघर में डीबीटी कराने की सलाह दी गई। डीबीटी खाता खुलवाने के बाद भी राशि रिटर्न हो जा रहा था। ऐसे में उन्होंने अप्रैल महीने में स्टेट बैंक का खाता बंद करा दिया अब डाकघर में केवल डीबीटी खाता है। इसके बावजूद मई माह में एक बार फिर वही ऑनलाइन जानकारी मिल रहा है खाता संबंधी आधार संबंधी कारणों से भुगतान रिटर्न हो गया है। दफ्तरों के चक्कर लगाते लगाते महिला थक चुकी है।

### रंग लाने लगी किसानों की मेहनत...



**जांजगीर-चांपा।** ग्रीष्मकालीन धान की फसल अब खेतों में लहलहाने लगी है। किसानों ने चार माह तक कड़ी मेहनत कर फसल तैयार की है। बीच बीच में नहर से पानी की कमी के कारण सिंचाई के लिए कई क्षेत्रों में परेशानी भी हुई, लेकिन अब धान की बालियां आने लगी है। फोटो : हरिभूमि

### हरेटी शिव मंदिर में हर सोमवार होगा विशेष पूजन अनुष्ठान

**सक्ती।** सक्ती क्षेत्र के सभी हरेठी (तिराइन नाला के पास) स्थित शिव मंदिर में अक्षय तृतिया से प्रति सोमवार शिव पूजन का आयोजन किया जाने का निर्णय लिया गया है। प्रति सोमवार मंदिर में विशेष पूजन अनुष्ठान किया जाएगा। हर सोमवार को एक नये जजमान को भोलेनाथ कि सेवा का अवसर प्रदान किया जाएगा। पूजन प्रत्येक सोमवार शाम 6:30 बजे से होगा। सक्ती क्षेत्र के सभी हरेठी तिराइन नाला के पास स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है। यह धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र है।



# बिजली की अघोषित कटौती, गर्मी से हलाकान हो रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

डभरा में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। गर्मी के मौसम में अघोषित बिजली कटौती हलाकान कर रही है। प्रतिदिन 4 से 5 घंटे बिजली गुल हो रही है। ऐसे में नगर पंचायत डभरा के रहवासियों का जीना मुहाल हो रहा है।

भीषण गर्मी में डभरा क्षेत्र के लोगों को अघोषित विद्युत कटौती के कारण से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। दिन में 25 से 30 बार बिजली बंद हो रही है। प्रतिदिन चार से पांच घण्टे बिजली बंद रहना आम बात हो गई है। भीषण गर्मी के कारण पारा 40 डिग्री पार कर गया है। ऐसे मौसम में भी बिजली की कटौती के कारण लोगों को बिना कूलर पंखे के घण्टों तक रहने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। बिजली बंद होने से सबसे अधिक प्रभाव छोटे छोटे बच्चों के सेहत पर पड़ रहा है। डभरा नगर में घण्टों तक बिना कोई कारण बिजली बंद रहती है। इस गर्मी के मौसम में घण्टो बिजली बंद रहने के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। व्यापार व्यवसाय चौपट हो रहा है। आइसक्रीम पार्लर ,आइस कैंडी वालो को बिजली बंद होने से हजारों रुपया का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली बंद होने के कारण शासकीय कायलयों में भी आम लोंगों के कार्य नही हो पा रहे है।सभी विभागों में आजकल कामकाज कम्प्यूटर के माध्यम से होता है। शासकीय कार्यों के लिये फोटोकॉपी, ऑनलाइन प्रोसेस नही होने के कारण आम जनता को भी आर्थिक एवं मानसिक परेशानी हो रही है।शासकीय कार्यलयों में भी बिजली बंद होने के कारण कोई काम नही हो पा रहा है।

### बुनकरों को रजिस्ट्रेशन कराने के बावजूद नहीं मिल रहा योजनाओ का लाभ

# महज पंजीयन करने तक सिमटा ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज महज पंजीयन करने तक ही सिमटकर रह गया है, जिसके कारण पंजीकृत बुनकरो को शासन की योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। जिले में बुनकरों का एक बड़ा वर्ग बुनकरी के कार्यो में विगत कई सालों से लगे है।

गौरतलब है कि कोसे के कारीगरी के लिए देश में मशहूर जिले के बुनकरो को शासन की कई कल्याणकारी योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के बुनकर योजनाओ का लाभ पाने के लिए पंजीयन तो करा ले रहे है, लेकिन विभागीय अधिकारियों कर्मचारियो की उदासीनता के चलते पात्र हितग्राहियो को योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वहीं ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज महज पंजीयन करने तक ही सिमटकर रह गया है। जिले में पंजीकृत बुनकरों की संख्या 5 हजार से अधिक है। शासन की योजनाओं के तहत बुनकरों को कीट पालने की व्यवस्था, धागा उपलब्ध कराना, उपकरण सहित अन्य व्यवस्था बनाने का काम विभाग के माध्यम से किया जाना रहता है लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता के चलते पंजीकृत बुनकरों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के चाम्पा क्षेत्र कोसे के कारोबार के लिए देश में मशहूर है वहीं चाम्पा शहर से बना कोसे का कपड़ा अमेरिका, रूस, जापान, समेत भारत के बैंग्लोर, चेन्नई, अमरावती, सूरत, पूणे, मुंबई, दिल्ली समेत अन्य क्षेत्रो में जाता है। लेकिन इसके बाद भी बुनकर के कारोबार से जुड़े लोगो को शासन की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुनकरों की स्थिती नहीं सुधर पाई है। ऐसे में वे अपेक्षाकृत कम मजदूरी राशि पाकर काम करने विवश है। जिले के चाम्पा शहर के अलावा प्रमुख तौर पर सिवनी चाम्पा, चोरिया, खम्हरिया, पोडीशंकर, बिर्रा, केरा, नवागढ, चंद्रपुर, जैजैपुर सहीत अन्य क्षेत्रो में देवांगन समाज समेत अन्य लोगों के द्वारा प्रमुख तौर पर बुनकरी का कार्य किया जाता है। वहीं कई बुनकर आज भी पुराने सिस्टम के आधार पर ही बुनकरी का कार्य करते है वहीं विभाग के अफसर भी आधुनिक बुनकर तकनीक सिखाने को लेकर गंभीर नही है, जिसके कारण बुनकरों को शासन की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



### छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों का राज्यव्यापी आंदोलन 15 को

**चांपा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा पेंशनरों के लम्बित विविध मांगों को लेकर 15 मई को राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार नामदेव एवम जांजगीर चांपा जिला के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सवा लाख से अधिक पेंशनर एवं परिवार पेंशनर अपनी मांगों को लेकर लम्बे समय शासन प्रशासन से लगातार पत्राचार कर रहा है। सरकार अपने राज्य के बुजुर्ग पेंशनरों की मांगों को अनदेखा कर रही है। पेंशनरों की जायज मांगों को सरकार द्वारा अनदेखा करने के कारण छत्तीसगढ़ के पेंशनर आंदोलन के लिए मजबूर हो गए हैं। इसके बावजूद भी सरकार इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।




Aasma Aasma Aasma Aasma Aasma Aasma
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
आसमाँ की ज़मीन पर,
रिश्तों का महल
1600 परिवारों की
ख़ुशियों भरी चहल-पहल
OPERATION
SINDOOR
आसमाँ से एयर स्ट्राइक
सिंदूर को मिला न्याय
जय हिन्द
आसमाँ बिल्डर्स ने आपके सपनों को साकार करने के लिए तैयार किये है पाँच तरह के ख़ूबसूरत घर.
जहाँ हर ईंट में बसा है विश्वास और हर कोने में रची बसी है 1600 परिवारों की ख़ुशियाँ.
आप भी आइये और अपने सपनों से घर में अपने आसमाँ का ख़ूबसूरत टुकड़ा जोड़ लीजिये.
AASMA ORCHID
AASMA TULIP
AASMA GULMOHAR
AASMA FLORA
AASMA LILY
1600
परिवारों का
अटूट भरोसा
विशेष सुविधाएँ
गेट और सुरक्षा
मुख्य प्रवेश द्वार पर ग्रिल्ड गेट, जहाँ पूरी सुरक्षा जाँच के बाद ही प्रवेश की अनुमति
स्विमिंग पूल
एक ख़ूबसूरत स्विमिंग पूल (प्रस्तावित)
गार्डन और पार्क
5 शानदार तरीके से मेंटेन किए गए गार्डन और पार्क
सामुदायिक केंद्र, क्लब और जिम
सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र, क्लब हाउस और जिम
शॉपिंग आर्केड
एक सुव्यवस्थित शॉपिंग आर्केड, जहाँ रोज़मर्रा की ज़रूरत की सभी चीज़ें आसानी से उपलब्ध
अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएँ
• 40 फीट और 30 फीट चौड़ी सीमेंटेड सड़कें, दोनों ओर हरियाली के साथ
• 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति
• पर्यावरण-अनुकूल सीवेज और बंद ड्रेनेज सिस्टम
• पूरे परिसर के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर
• पूरी तरह सुरक्षित प्रवेश, केवल उचित सत्यापन के बाद
आसमां रेसीडेन्सियल एनक्लेव, जैन इंटरनेशनल स्कूल के सामने, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
आसमां बिल्डर्स एण्ड कॉलोनाइजर्स लिमि.
हेड ऑफ़िस - मुंगेली रोड, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) | M.: 9984999855, 9981620000, 9755855116

10 JANJ-JANJ PG-03_Layout 1 5/10/2025 11:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बजरंग दल एवं हिंदू रक्षा वाहिनी ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**अकलतरा।** कोटमीसोनार के निलंबित पंचायत सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी पर सोशल ग्रुप में सनातन धर्म के प्रमुख देवता को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में बजरंग दल और हिंदू रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों ने अकलतरा थाना प्रभारी एव जिला के पुलिस प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। कार्यवाही नहीं होने पर पुलिस थाना का घेराव करने के साथ धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने की चेतावनी दी है। हिंदू रक्षा वाहिनी अकलतरा के छोटू कश्यप एव बजरंग दल के जिला संयोजक राकेश शर्मा ने बताया की लगातार विवाद में रहने वाले ग्राम रसेड़ा से निलंबित सचिव मो ईल्लाही के द्वारा शोसल मीडिया ग्रुप में सनातन धर्म के प्रमुख देवता को लेकर टिप्पणी की गई है जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। आज थाना प्रभारी अकलतरा को ज्ञापन देकर आरोपी के जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई है। यदि कार्यवाही कर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी अकलतरा मणिकांत पांडेय का कहना है कि
पंचायत सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी पर धर्म विशेष के आराध्य पर अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने के साथ ब्लैकमेलिंग करने के संबंध में शिकायत की है। मामले में पुलिस जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में सौम्य ने प्राप्त किया 92 प्रतिशत अंक



**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मन्दिर बिर्रा के छात्र सौम्य देवांगन पिता स्व. फुलचंद देवांगन ने 10 वी बोर्ड परीक्षा में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। सौम्य देवांगन बचपन से ही मेघावी छात्र रहा है। पढाई में दिन रात खूब मेहनत किया और अपने सहित परिवार, गांव और स्कूल का नाम रौशन किया। उनकी सफलता में श्रीमती लक्ष्मी देवांगन, मूलचंद देवांगन शिक्षक, शिव राम देवांगन, खगेश देवांगन, दीपचंद देवांगन,रामचंद देवांगन, ध्रुव कुमार कहार प्राचार्य शिशु मन्दिर बिर्रा एवं शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हाईस्कूल परीक्षा में मयंक को मिले 93 प्रतिशत से अधिक अंक



**फगुरम।** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भांटा में अध्ययनरत ग्राम पंचायत फगुरम निवासी मयंक सोन ने कक्षा दसवीं में 93.33 प्रतिशत से उत्तीर्ण होकर अपने माता-पिता, ग्राम एवं स्कूल को गौरवान्वित किया है। मयंक माता श्रीमती राजकुमारी सोन एवं संतोष कुमार सोन के पुत्र है। मयंक एक सामान्य परिवार का रहने वाला है, उसकी माता उसी के स्कूल में शिक्षिका है। ऐसे स्थिति में मयंक के 93.33 प्रतिशत से उत्तीर्ण होने पर परिवारजनों, गुरुजनों सहित शुभचिंतकों मे भारी प्रसन्नता व्याप्त है। मयंक ने अपने जीवन में अनेकों संघर्षों से गुजरकर इस मुकाम तक पहुंचाकर साबित कर दिया है कि सफलता कभी भी जरूरतों का मोहताज नहीं होता, अनुशासन और निरंतर मेहनत से हर सपने सच हो सकते है। मयंक अपने सफलता का श्रेय माता-पिता, दादा दादी एवं स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है।

### सशिमं तागा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तागा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं में 100 प्रतिशत एवं 10वीं में 98 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में आराध्या तिवारी 86%, अनीश कुमार 85%, किरण 83%, सीतू भैना 83%, काजल 79%, कसक 77%, अन्नू तिवारी 77%, लता कश्यप 76%, तुषार 72%, सीमा कश्यप 72%, हृदय यादव 71%, रागनी 69 प्रतिशत, वाहिनी मिश्रा 68%, रिया भैना67%, गजेंद्र कुमार 65%, देव कुमार 63%, योगेश कुमार 63%, देवेंद्र कुमार 57%, महेश कुमार 55%, काजल ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा द्वादश में रिया तिवारी 80%, समीक्षा शर्मा 80%, संगीता कश्यप 78%, छाया कश्यप 77%, देवेंद्र कुमार 76%, प्रिंसी यादव 76%, निर्मला 75%, अमरनाथ 72%, मधु कश्यप प्रतिशत, राज कश्यप 65%, रोशनी 63%, विकास कुमार 60%, रानी यादव 58%, मानसी यादव 58 प्रतिशत वैशाली 58% राहुल सिंह 55% अंक प्राप्त किए हैं। इस प्रकार के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को केशव शिक्षण समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया जाएगा

## विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ली जानकारी

# बड़ेसीपत में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

बड़ेसीपत में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई।

सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेसीपत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम बड़ेसीपत में आयोजित शिविर का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने औचक निरीक्षण किया और और विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। बड़ेसीपत में आयोजित शिविर में बरभांठा, नावापारा, नगझर, कुरदा, छपोरा, चारपारा, भड़ोरा, छोटेसीपत, बड़ेरबेली, भूतहा, अमेराडीह, भठोरा, पिहरीद से कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 60 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। और शेष 24 आवेदनों को निराकृत करने हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। कलेक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्य किया गया, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, पेशन स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराईज ट्राई सायकल वितरण किया गया। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरण का वाचन किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस समाधान शिविर में विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल,तहसीलदार मालखरौदा डॉ. रविशंकर राठौर, नायब तहसीलदार सुश्री झरना कश्यप, विकास विस्तार अधिकारी के. के. बरेठ , अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ज्ञानिकचंद जांगडे अनुविभागीय अधिकारी साथ-साथ क्षेत्र के जिला सदस्य रामौतीन बंजारे, जनपद सदस्य मनोज सक्सेना, बड़ेसीपत के सरपंच रामिन सोनवाने, सचिव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला, कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।



समाधान शिविर का निरीक्षण करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।



अतिथियों व प्रशिक्षकों के साथ कराटे के प्रशिक्षार्थी बच्चें।

# मार्शल आर्ट से अनुशासन के साथ मिलते हैं आत्मरक्षा के गुर: मित्तल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ऑल मार्शल आर्ट कराटे डू फेडरेशन इंडिया की स्थानीय शाखा द्वारा स्व. संतोष शर्मा, स्व. उत्तम दुबे एवं स्व. संदीप नामदेव की स्मृति में 1 से 25 मई तक भालेराय खेल मैदान में आयोजित प्री-इंटरनेशनल मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैम्प का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष मनोज मित्तल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समारोह की अध्यक्षता गोपीचंद राठौर ने की।

इस 25 दिवसीय ट्रेनिंग कैम्प का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि मनोज मित्तल ने कहा कि मार्शल आर्ट कराटे के प्रशिक्षण से प्रशिक्षार्थी बच्चों को अनुशासन सीखने के साथ ही आत्मरक्षा के गुर भी मिलते है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षार्थी बच्चों के शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही उन्हें राष्ट्रीय स्पर्धाओं में शामिल कराना है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे गोपीचंद राठौर ने भी कहा कि मार्शल आर्ट के सतत अभ्यास से प्रशिक्षार्थी स्वस्थ रहकर लंबा जीवन जी सकते है। प्रमुख प्रशिक्षक आर.के.वर्मा ने बताया कि प्री-इंटरनेशनल मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन नगर के दिवंगत मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों की स्मृति में किया गया है। शिविर प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक भालेराय खेल मैदान में आयोजित होगा जिसमें 50 छात्र-छात्राएं शामिल होकर मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। ट्रेनिंग कैम्प के शुभारंभ के अवसर पर महिला मार्शल आर्ट की प्रशिक्षिका अर्चना सारस्वत, प्रशिक्षक सलीम बख्शी, मंजूलता प्रसाद महंत, अखिलेश देवांगन, पीहू बरेठ, तीजराम जांगडे. सहित प्रमुख प्रशिक्षक आर.के. वर्मा, प्रशिक्षार्थी छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

# प्रवेश के लिए सेजेस हसौद में लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हसौद में 10 मई को नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुई।

इस प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय सिदार, सुश्री सुशीला सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, विजय केशी बीडीसी हसौद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवम जायसवाल, श्रीमति अनसुईया कैलाश बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत हसौद हसौद, शत्रुघन लाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हसौद, रोहित कुमार सोनवानी पूर्व प्रधान पाठक एवं सदस्य एस एम डी सी, देव प्रसाद कश्यप वरिष्ठ नागरिक की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकगण, छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। लाटरी प्रक्रिया का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन से हुआ तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू एवं शिक्षकों ने किया। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामना दी। कार्यक्रम पूर्ण रूप से पारदर्शिता एवं शासन की मंशा के अनुरूप शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। लॉटरी उपरांत चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी गई है, अभिभावक गण सूची का अवलोकन करके, प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज कार्यालय समय पर विद्यालय के प्रवेश प्रभारी के पास जमा करा सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के प्रभारी श्रीमती प्रेमलता बर्मन रहे एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन मिलाप सिंह मल्होत्रा व्याख्याता, द्वारा किया गया।



लॉटरी प्रक्रिया के दौरान जानकारी देते अतिथि।

# रिटेल की छात्राओं ने पूरा किया इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के 19 और 12वीं के 18 छात्रों ने व्यावसायिक शिक्षा रिटेल विषय के बच्चों ने शासन के आदेश अनुसार 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूरा किया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने 10 दिनों तक नगर के एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में प्रयोगिक और सैद्धांतिक जानकारी प्राप्त की।

इंटर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण करने के बाद सभी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 1125 रुपए की राशि भुगतान किया गया। ज्ञात हो कि संस्था में सत्र 2018 से व्यावसायिक शिक्षा संचालित हो रही है जिसके अंतर्गत इस विद्यालय में दो ट्रेड रिटेल और ब्यूटी संचालित किया जा रहा है जिसमें कक्षा 9वी से 12वीं चार वर्ष स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाया जाता है जिसमें प्रतिवर्ष अतिथि व्याख्यान और औद्योगिक भ्रमण भी कराया जाता है। संस्था के प्रमुख एच के चौहान के द्वारा बताया गया कि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा बहुत जरूरी है अन्य विषय की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपने अंदर व्यावसायिक हुनर स्थापित करना और स्वरोजगार हेतु अपने आप को काबिल बनाना बहुत जरूरी है प्राचार्य ने कहा कि सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा को बहुत ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है इस अवसर पर प्रभारी एच के चौहान,व्यावसायिक रिटेल शिक्षक संदीप कुमार वर्मा एवं ब्यूटी एंड वैलनेस मैडम चंद्रिका नायक सहित संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित छात्राएं।

## महात्मा ज्योतिबा राव फुले विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**डोंगाकोहरौद।** स्वामी आत्मानंद योजना द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा राव फुले उत्कृष्ठ विद्यालय डोंगाकोहरौद में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा। दसवीं कक्षा में 87 विद्यार्थी दर्ज थे, जिसमें 34 प्रथम 20 द्वितीय श्रेणी से पास हुए। शिवप्रसाद पटेल ने शाला सर्वाधिक 93.1 प्रतिशत से विद्यालय मे टॉप किए। हायर सेकेंडरी एग्जाम में 39 स्टूडेंट दर्ज उपस्थित 38 जिसमें 20 प्रथम, 13 द्वितीय, 2 फेल व 2 पूरक रहे। ओंकार बंजारे एवं मुस्कान कश्यप संयुक्त रूप से 83.2 प्रतिशत के साथ टॉपर रहे। सर्वाधिक 5 लोगों 10वीं और 5 स्टूडेंट 12वी के विद्यार्थियों को प्राचार्य कुंजकिशोर द्वारा कलम डायरी ओर मोमेंटो से सम्मानित किए। साथ ही मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। महात्मा ज्योतिबा राव फुले स्वामी आत्मानन्द सेजेंस विद्यालय डोंगाकोहरौद दसमी कक्षा मे दर्ज 87, उप 87, पास 54, फेल 2, 1 पूरक रहा। 12 प्रथम, 34 सेकंड, 20 थर्ड रहे। शिव प्रसाद पटेल 93.12, तारेश्वरी यादव 83.3, अंकित पांडे 81.4, अपर्णा 79.5, सीमा पटेल 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। भावेश कुमार पटेल 88.08 प्रतिशत अंक अर्जित किया। बारहवी कला संकाय दर्ज 14, पास 12, फेल 1, पूरक 1, प्रथम 3, सेकंड 9 रहा। विज्ञान संकाय दर्ज संख्या 25, पास 21, फेल 1, पूरक 2, एब्सेंट 1, प्रतिशत 87.5 प्रतिशत। प्रथम 17, सेकंड 4, मेरिट कला संकाय सरिता पटेल 69.8, प्रदीप पटेल 67.4, भारती धीवर 66.2, विज्ञान संकाय में मेरिट 1 ओंकार बंजारे 81.8, मुस्कान कश्यप 81.8 प्रतिशत, धीवर 74.84, ज्योति कश्यप 74. 5, मनीषा कश्यप ने 72 प्रतिशत अंक अर्जित किया।

## रश्मि ने 10वीं में 93.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर बढ़ाया मान

**गोधना।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ की छात्रा रश्मि साहू ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 93.5% अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। आदर्श ग्राम गोधना निवासी रश्मि विश्वनाथ प्रसाद साहू तथा श्रीमती हेमलता साहू की पुत्री है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा )**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक / 4/ रीडर / अ.वि.अ. / 2025
अकलतरा दिनांक 07/05/2025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. जांजगीर (अकलतरा एवं बलौदा) में आवेदक शीतल केडिया पिता/पति विकास केडिया ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा के द्वारा ग्राम किरारी तहसील अकलतरा में स्थित भूमि खसरा नं. 953/2........ रकबा 1.372 हे. को औद्योगिक मद में व्यपवर्तन किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।


अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनॉक 21/05/2025 को समय 10:00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2024 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा)**













TOP IN JANJGIR



# समर स्पेशल बचत पे EXTRA बचत ऑफर

**2% EXTRA बचत** ₹2499 की खरीदारी पर

**4% EXTRA बचत** ₹4999 की खरीदारी पर

**6% EXTRA बचत** ₹9999 की खरीदारी पर

**केवल 2 दिन शेष**

**10 और 11 मई 2025**

| उत्पाद | MRP | ऑफर |
|---|---|---|
| शक्कर 1kg | | शुभम मूल्य ₹44 |
| तुअर दाल राजभोग 1kg | | शुभम मूल्य ₹105 |
| शुभम HMT पोस्टमैन राइस 1kg | | शुभम मूल्य ₹50 |
| शुभ शुद्ध चक्की आटा 5kg | MRP ₹260 | शुभम मूल्य ₹175 |
| होम ट्रीट्स सुपर सिक्सर/ काजू बिस्कुट/जीरा बिस्किट 200g | MRP ₹60 | BUY 1 GET 1 FREE |
| शुभ बॉम्बे मिक्सचर/ शुभ संगम मिक्सचर 800gm | MRP ₹250 | BUY 1 GET 1 FREE |
| मिरिंडा ऑरेंज/ पेप्सी/ 7अप फ्रूटी कोल्ड्रिंक 2.25 Ltr./ 2Ltr. | MRP ₹100/130 | BUY 2 GET 1 FREE |
| कमल राइस ब्रान ऑयल 1ltr | | शुभम मूल्य ₹125 |
| फॉर्च्यून सनफ्लावर ऑयल 870gm | | शुभम मूल्य ₹150 |
| फॉर्च्यून सोयाबीन ऑयल 870gm | | शुभम मूल्य ₹141 |
| हल्दीराम भुजिया सेव 1kg | MRP ₹290 | शुभम मूल्य ₹224 |
| किसान मिक्स्ड फ्रूट जैम 500gm | MRP ₹200 | शुभम मूल्य ₹182 |
| हॉर्लिक्स चॉकलेट डिलाइट फ्लेवर 750gm | MRP ₹370 | शुभम मूल्य ₹258 |
| ब्रुक बॉन्ड रेड लेबल 1kg | MRP ₹560 | शुभम मूल्य ₹362 |
| ज़ोर कड़क चाय 1kg | MRP ₹300 | शुभम मूल्य ₹179 |
| कुकी बाइट कोकोनट बिस्कुट 1Kg | MRP ₹210 | शुभम मूल्य ₹99 |
| पार्ले जी ग्लूको बिस्किट 800gm | MRP ₹100 | शुभम मूल्य ₹77 |
| वीटा क्रंच चॉकोफ्लेक्स 1.1Kg | MRP ₹499 | शुभम मूल्य ₹199 |
| वीटा क्रंच कॉर्नफ्लेक्स बादाम & शहद 1Kg | MRP ₹539 | शुभम मूल्य ₹229 |
| वीटा क्रंच ओट्स 900gm | MRP ₹230 | शुभम मूल्य ₹99 |
| वीटा क्रंच कॉर्नफ्लेक्स 875 Gm | MRP ₹299 | शुभम मूल्य ₹129 |
| मैगी 2 मिनट नूडल्स मसाला 8 पैक 560Gm | MRP ₹120 | शुभम मूल्य ₹99 |
| पार्ले इलाइची प्रीमियम रस्क 1Kg | MRP ₹240 | शुभम मूल्य ₹160 |
| स्क्वीक्ड टॉयलेट क्लीनर 1000ml | MRP ₹130 | शुभम मूल्य ₹59 |
| वी मैजिक डिटर्जेंट पाउडर 1kg | MRP ₹90 | शुभम मूल्य ₹55 |
| घड़ी डिटर्जेंट पाउडर 3kg | MRP ₹210 | शुभम मूल्य ₹180 |
| डव क्रीम ब्यूटी बाथिंग सोप (125Gmx5) | MRP ₹499 | शुभम मूल्य ₹290 |
| पीयर्स प्योर एंड जेंटल ब्यूटी बाथिंग बार (125Gmx5) | MRP ₹389 | शुभम मूल्य ₹249 |
| कोलगेट मैक्सफ्रेश रेड जेल 150*2 300 Gm | MRP ₹275 | BUY 1 GET 1 FREE |
| सनस्क्रीन लक्मे / पॉन्ड्स | सिलेक्ट वेरिएंट | BUY 2 GET 1 FREE |
| सोफी सैनिटरी पैड 48Pc | MRP ₹470 | BUY 2 GET 1 FREE |
| स्नग & ड्राई बेबी डायपर S66/M58/L52/XL48 | MRP ₹799 | BUY 1 GET 1 FREE |
| अंजलि रसधारा जूसर | MRP ₹649 | शुभम मूल्य ₹299 |
| ऋषभ क्रोम हॉट&कोल्ड बोतल | MRP ₹1120 | शुभम मूल्य ₹549 |
| ब्रांडेड लगेज | | UPTO 70% DISCOUNT |
| ब्रांडेड सीलिंग फैन | | शुभम मूल्य ₹999 से शुरु |

*नियम एवं शर्तें लागू; ऑफर स्टॉक रहने तक यह आफर तेल, घी एवं शक्कर पर लागू नहीं है




टी-शर्ट ₹199 | शर्ट ₹299 | जींस ₹399 | शॉर्ट्स ₹299

## शुभम के मार्ट™
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !

**छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात**

**रायपुर स्टोरः** संतोषी नगर | पंडरी | पुरानी बस्ती | श्रीनगर | कोटा | सरोना | कमलविहार | देवेन्द्र नगर | चंगोराभाठा | भाठागांव
सराईपाली | जुनवानी, भिलाई | पलारी | राजनांदगांव | भाटापारा | धमतरी | जैजैपुर | अकलतरा | पोटिया रोड, दुर्ग
अंजोरा | नवापारा राजिम | बालोद | खैरागढ़कवर्धा | उतई | शिवरीनारायण | सिमगा | बेमेतरा | पाटन | अभनपुर | बेरला

नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110 | FOLLOW US ON: shubhamkmartoficl Shubham K Mart @shubhamkmart2926